शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय, रायगढ़

SHAHEED NANDKUMAR PATEL VISHWAVIDYALAYA, RAIGARH

2020

श्रद्धावाँल्लभते ज्ञानम्

विश्वविद्यालय का कुल चिन्ह

शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय का कुल चिन्ह (लोगो) में प्रतीकों का विश्लेषण

1. मध्य में स्थित पुस्तक ज्ञान साधना की प्रतीक ।
2. ज्ञान के माध्यम से कला व संगीत, खेल एवं दीपक, आध्यात्मिक चिंतन के सांकेतिक प्रतीक ।
3. छत्तीसगढ़ के रायगढ़ एवं जांजगीर चांपा जिले की प्रसिद्ध देवी माँ चंद्रहासिनी मंदिर का गुम्बद।
4. पृष्ठभूमि में उगते सूर्य की आभा ज्ञान प्रकाश के आलोक से ब्रम्हांड को प्रकाशित एवं ज्योतिमर्गमय का संदेश ।
5. पृष्ठभूमि के आकाश में उड़ते पंछी, उपलब्धियों की अनंत संभावनाओं की उड़ान के प्रतीक।
6. बाँयी ओर धान की बाली छत्तीसगढ़ की धन-धान्य संपन्नता एवं कृषि की प्रतीक ।
7. दांयी ओर काँसा, कोसा, कंचन, चाँपा-जांजगीर की पहचान के प्रतीक ।
8. निचले भाग में उद्योग, शिल्प विकास तथा ऊर्जा के प्रतीक चिन्ह।
9. कुल चिन्ह के निचले भाग पर आधार स्वरूप ध्येय वाक्य, श्रीमद्भागवत गीता अध्याय 4, श्लोक क्रमांक 39 का पूर्वार्ध ''श्रद्धावाँल्लभते ज्ञानम्'' ज्ञान के प्रति श्रद्धा की आवश्यकता का संदेश।
10. पृष्ठभूमि पर नीला रंग अनंत संभावनाओं को व्यक्त करता हुआ तथा रक्तिम स्वर्णाभ लालिमा ऊर्जा व उत्साह की प्रतीक।

विश्वविद्यालय का ध्वज

विश्वविद्यालय ध्वज का विश्लेषण

1. विश्वविद्यालय का ध्वज पीले रंग में आयताकार स्वरूप में निर्मित है।
2. ध्वज के मध्य में विश्वविद्यालय का कुल चिन्ह अंकित है। जो विश्वविद्यालय की पताका चारों तरफ लहराये इसका संकेत है ।
3. ध्वज में नीचे विश्वविद्यालय का नाम अंकित है जो विश्वविद्यालय के कुल चिन्ह (लोगो) को मजबूत आधार देते हुए अपनी दृढ़ता को रेखांकित करता है।
4. ध्वज का रंग पीला, खुशहाली, आनंद, समृद्धि, हर्ष, आध्यात्मिक चिंतन के साथ बौद्धिक परिपक्वता का प्रतिनिधित्व है।